<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–02 नवम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये पीलीभीत में सात सौ बीस और गोरखपुर में एक हजार दो सौ तिहत्तर डिजिटल इंडिया सामान्य सेवा केन्द्रों की होगी स्थापना।
- केन्द्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन के लिए जारी किये दिशा–निर्देश। दो हजार छब्बीस तक चौदह हजार पांच सौ महिला स्वंय सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने का रखा लक्ष्य।
- रेल टिकट के अग्रिम आरक्षण के नये नियम कल से हुए लागू। अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटा कर हुई साठ दिन।
- प्रदेश भर में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का पर्व।

**********

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये देशभर में चार हजार सात सौ चालीस डिजिटल इंडिया सामान्य सेवा केन्द्र बनाये जायेंगे। इस क्रम में प्रदेश के पीलीभीत में सात सौ बीस और गोरखपुर में एक हजार दो सौ तिहत्तर केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। इस परियोजना का उद्देश्य समावेशी विकास के लिये ग्रामीण भारत का डिजिटल तौर पर रूपान्तरण करना है। इसके जरिये गांवों में हाई स्पीड इंटरनेट और आवश्यक ई–गर्वनेंस के साथ–साथ वित्तीय शिक्षा और टेलीमेडिसिन सेवाएं बेहतर ढंग से प्रदान की जायेंगी। इस परियोजना से पीलीभीत और गोरखपुर में सीएससी केन्द्र, आधार पंजीकरण, बैंकिंग और ई कॉमर्स सहित कई तरह की सेवाएं उपलब्ध हो जायेंगी।

**********

सरकार ने केंद्रीय योजना नमो ड्रोन दीदी के संचालन के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस योजना में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाते हैं। वर्ष 2024–2025 से 2025–2026 तक के लिए चौदह हजार पांच सौ चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। दिशा निर्देशों के अनुसार नमो ड्रोन दीदी योजना केंद्रीय स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति संचालित करेगी। इस समिति में कृषि और किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और उर्वरक विभाग के सचिव शामिल होंगे। ड्रोन और उसके उपकरणों की लागत का अस्सी प्रतिशत हिस्सा महिला स्वयं सेवा सहायता समूहों को दिया जाएगा, जिससे वह ड्रोन खरीद सकेंगे।

**********

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने युवाओं का आह्वान किया है कि वह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022–23 के लिए आवेदन करें। यह पुरस्कार पन्द्रह से उनतीस वर्ष की आयु के व्यक्तियों और संगठनों को विकास और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं। पुरस्कार के रूप में व्यक्ति को पदक, प्रमाण–पत्र और एक लाख रूपये नकद तथा संगठन के मामले में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते है। 2022–23 के राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवेदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के जरिए आमंत्रित किए गए हैं। इस महीने की पन्द्रह तारीख तक आवेदन किया जा सकता है।

**********

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब सत्तर वर्ष और इससे अधिक आयु के नागरिकों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जायेगा। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का लोकार्पण करने के दौरान इस व्यवस्था का शुभारंभ किया था। योजना के शुरू होने पर राज्य के वरिष्ठ नागरिकों ने खुशी जताई है। अलीगढ़ जिले के धर्मकुमार शर्मा और गुड्डी देवी ने कहा कि इस योजना से उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

**मोदी जी का ये बड़ा सराहनीय कार्य है। उन्होंने 70 साल से ऊपर वाले लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य की व्यवस्था की है। निशुल्क उनका उपचार होगा। ये बहुत ही सराहनीय कार्य है। मोदी जी इस देश के लिए बहुत कुछ कर रहे है। ये बहुत अच्छी योजना शुरू करी है, जो 70 साल के ऊपर है। उनका मुफ्त में इलाज होगा यह बहुत अच्छा है बहुत सराहनीय काम है इनके लिए।**

**********

राज्य सरकार अतंर्राष्ट्रीय किक बॉक्सर रिंका सिंह चौधरी को आर्थिक मदद देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सिलसिले में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये हैं। गोरखपुर जिले की गौरी मंगलपुर निवासी रिंका सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनसे आगामी अतंर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं के लिये आर्थिक मदद देने का अनुरोध किया। इस पर श्री योगी ने कहा कि किसी भी खेल प्रतिभा के प्रोत्साहन के लिये सरकार धन की कमी नहीं आने देगी। रिंका सिंह चौधरी ने सितम्बर माह में उज़्बेकिस्तान में

आयोजित अतंर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग विश्वकप में सिल्वर मेडल जीता था और पिछले दिनों कम्बोडिया में हुए एशियन किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भी रजत पदक हासिल किया है।

**********

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम कल से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष 31 अक्टूबर तक बनाये गये सभी आरक्षित टिकट मान्य रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट जारी किए जा सकेंगे। मंत्रालय ने बताया कि एकसठ से एक सौ बीस दिन की अवधि में कराए गए आरक्षण के इक्कीस प्रतिशत टिकट रद्द करवा दिए जाते हैं। दिन के समय चलने वाली ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस जैसी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के लिए अग्रिम आरक्षण की कम समय की अवधि जारी रहेगी।

**********

त्योहार के मौसम को देखते हुए भारतीय रेलवे ने लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं। इस क्रम में कई रेल गाड़िया चलाई जा रही हैं। लखनऊ मंडल में यात्रियों की सुविधा के लिए क्या–क्या कदम उठाए गये हैं यह जानकारी लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सचिन्द्र मोहन शर्मा ने हमारे संवाददाता को दी।

**सत्ताइस तारीख से ही नौ तारीख तक स्पेशल चल रही हैं। पहले दीवाली और फिर छठ के लिए जो स्पेशलस हैं। वो चल रही हैं बिहार माउंट्स स्पेशलस है काफी अगर मैं लखनऊ मण्डल की बात करू तो आज की तारीख में हमारे यहां करीब 50 स्पेशल ट्रेनस हैं। जो लखनऊ मंडल के एक्रोस चल रही है और इसमें काफी सारी बिहार की तरफ हैं और नही तो गोरखपुर डाईरेक्शन के लिए हैं और ये ज्यादातर नई दिल्ली से आनंद बिहार, अमृतसर, जम्मू, लखनऊ इस साइड से आ रही है। कुछ तो गुजरात से गोरखपुर और मुम्बई से गोरखपुर की तरफ भी जा रही है।**

**********

विन्ध्यांचल के मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही जिलों में जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जायेगा। इसके लिए अढ़सठ करोड़ रूपये खर्च किये जाएगें। एक रिपोर्ट हमारे प्रतिनिधि से

**मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही जिले में बिजली सप्लाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिये 68 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। विद्युत निगम बिजनेस प्लान के तहत इन तीनों जिलों में ट्रांसफार्मर्स की क्षमता में बढ़ोत्तरी की जायेगी। नई लाइनों के निर्माण के साथ उप केन्द्रों की क्षमता वृद्धि सहित कई अन्य काम कराये जायेंगे। प्लान में मिर्जापुर में 243, भदोही में 266 और सोनभद्र में 48 विद्युत सुधार संबंधी कार्य शामिल हैं। मुख्य अभियंता वितरण जेपीएन सिंह ने बताया कि जल्द ही यह सभी कार्य पूरे कराये जायेंगे, ताकि लोगों को निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सके। एस0एम0 सबा, आकाशवाणी समाचार, मिर्जापुर।**

**********

प्रदेश की जेलों में बंद पुरुषों को उनकी बहनें भैयादूज के अवसर पर तिलक लगा सकेंगी। वहीं जो महिलाएं जेल में बंद है, उन्हें भी अपने भाइयों को तिलक लगाने का अवसर मिलेगा। इसके लिए प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अपने निर्देश में उन्होंने कहा है कि श्रद्धा एवं आस्था के पर्व भाई दूज के शुभ अवसर पर बंदियों को उनके भाई बहनों से मिलने की समुचित व्यवस्था की जाए।

**********

दीवाली के पंच पर्व की श्रृंखला में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का पर्व कल से प्रदेश भर में श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व पर आज भी कई जिलों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। मथुरा के श्रीद्वारिकधीश मंदिर में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव कल धूमधाम से मनाया गया। गोबर के बनाए गए श्रीगिरिराज महाराज का मंत्रोच्चारण के साथ विधि–विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने आराध्यदेव के दर्शन किए। मथुरा में आज भी कई स्थानों पर पर्व पर धार्मिक आयोजन का सिलसिला चल रहा है।

उधर प्रदेश में कई जिलों में कल भी दीपावली मनाई गयी। आगरा में दीपावली को लेकर कल विशेष उत्साह देखा गया। बुंदेलखण्ड में इस अवसर पर कल लठमार दिवाली मनाई गयी। इसमें बच्चों और युवाओं ने आत्मरक्षा और युद्ध कला के गुर सिखे। कल ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में जमघट मनाया गया। लखनऊ में इस अवसर पर लोगों ने परंपरागत रूप से पतंगबाजी का आनंद उठाया।

**********